तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 28 जून 2024

12 नवप्रवेशी बच्चों का किया चंदन अबीर लगाकर स्वागत...



12 लखपति दीदी पहल योजना के सफल क्रियान्वयन...





B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
नोट - हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, अंतिम तिथि - 29/06/24

# भारत के लोगों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले को कांग्रेस ने फिर से पद क्यों दिया?: केदार

## अंकल सैम पित्रोदा को फिर से पद देने पर बवाल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

वनमंत्री केदार कश्यप ने सैम पित्रोदा को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पर पुनः बहाल किए जाने पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस फैसले से कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र बेनकाब हो गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान विरासत टैक्स लगाने, रंगभेद आदि से जुड़े बयानों के मद्देनजर पद से हटाए गए राहुल गांधी के सलाहकार पित्रोदा को हटाया गया था। लेकिन अपने इस फैसले से पलटकर कांग्रेस नेतृत्व ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके लिए देश के लोग नहीं सैम अंकल प्राथमिकता रखते हैं। पित्रोदा की बहाली ने कांग्रेस की उस विकृत राजनीतिक मानसिकता को भी साफ कर दिया है कि विरासत टैक्स, रंगभेद जैसे बयान कांग्रेस की सोची-समझी साजिशाना रणनीति के तहत दिए गए या दिलाए गए और विवाद के चलते वोट बैंक के डैमेज कंट्रोल के लिहाज से पित्रोदा को हटाने का काम किया। लेकिन अब यह आईने की तरह साफ हो गया है कि ये बयान कांग्रेस का आधिकारिक स्टैण्ड ही है।

- कांग्रेस का देश विरोधी चेहरा उजागर
- चुनाव के दौरान विवादित बयान देने पर हटाए गए थे



### कांग्रेस के बयान, समाज में अलगाव फैलाने वाले

वनमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के तमाम बयान बहुत ही सोचे-समझे होते हैं ताकि समाज में अलगाव और घृणा फैले। ये बयान चुनावी नफे-नुकसान को ध्यान में रखकर दिए जाते हैं, फिर दिखावे के लिए कार्रवाई करने के बाद निर्लज्जतापूर्वक पद पर बहाल किया जाता है। उन्होंने कहा कि पित्रोदा की तरह ही जज बनाने का झांसा देकर दुष्कर्म करते कैमरे में कैद हुए अभिषेक मनु सिंघवी को प्रवक्ता पद से हटाने के बाद फिर उन्हें प्रवक्ता बना दिया गया। कांग्रेस के ये तमाम राजनीतिक फैसले देश की गरिमा, लोकतांत्रिक व सामाजिक मर्यादा पर गहरी चोट करने वाले हैं, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

## खबर संक्षेप

### इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों व एनसीसी कैडेट्स को दी गई नए कानून की जानकारी



**जगदलपुर।** बस्तर पुलिस द्वारा नए कानून की जानकारी आम लोगों को देने जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों, एनसीसी कैडेट्स व प्राध्यपकों को नए कानून की जानकारी दी गई।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग, सीएसपी उदित पुष्कर के मार्गदर्शन में जिले के अलग अलग क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा में छात्रों व छग गर्ल्स बटालियन एनसीसी में एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थियों को नवीन विधि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। डीएसपी सायबर गीतिका साहू, डीएसपी अजाक दीपमाला कुर्रे, डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन, डीपीओ आरके मिश्रा व बोधघाट के निरीक्षक लीलाधर राठौर व कोतवाली पुलिस द्वारा नए कानून के महत्वपूर्ण प्रावधानों और न्याय प्राप्त करने के साधनों व उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी गई। वहीं नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी किया गया। एसपी द्वारा विद्यार्थियों को विधिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा करने की हिदायत दी। बस्तर पुलिस द्वारा जनजागरूकता रथ व शिविर के माध्यम से लोगों को नए कानून की जानकारी लगातार दी जा रही है। लोगों को बताया जा रहा है आगामी 1 जुलाई से आपराधिक न्याय प्रणाली के सभी अंगों द्वारा नवीन विधि के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी। एसपी सिन्हा ने बताया कि संस्थाओं में कार्यप्रणाली अद्यतन करने के साथ साथ नागरिकों को जागरूक करने के अथक प्रयास किया जा रहा है ताकि न्याय की सुगमता जन जन तक पहुंच सके।

### गीदम में झमाझम 90 एमएम बारिश, रिकार्ड



**जगदलपुर।** अंचल में दो दिनों से मानसूनी हलचल से बारिश का प्रभाव देखा जा रहा है। पखवाड़े के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून समूचे बस्तर का रुख करने से लंबे समय से इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल गए हैं। बस्तर संभाग के गीदम में बुधवार को रिकार्ड 90 एमएम बारिश दर्ज की गई है। गीदम में झमाझम वर्षा के चलते पूरा इलाका पानी-पानी हुआ। इधर उत्तर बस्तर के फरसगांव में भी बारिश का खासा प्रभाव रहा। यहां एक दिन में 70 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। अंचल में बुधवार दोपहर से देर रात तक वर्षा का प्रभाव रहा, बावजूद सम्भाग मुख्यालय जगदलपुर में अधिकतम तामपान में 1.1 डिग्री वृद्धि होकर 31.4 डिसे और न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री ▸▸ शेष पेज 12 पर

## कृषि: अंचल के अधिकांश ब्लाकों में खेती- किसानी का कार्य जोरों पर

# बारिश होते ही किसान खुर्रा बोनी व रोपा में जुटे गांवों में अब तक 36 हजार हेक्टेयर में हुई बोनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

दक्षिण-पश्चिम मानसून का बस्तर में गत 10 जून को आगमन हो चुका है। उस दौरान मानसून को आगे बढ़ने की परिस्थिति अनुकूल नहीं रहने से बस्तर में बारिश का असर सभी जिलों में कम रहा। अब एक पखवाड़े के बाद मानसून की परिस्थितियां अनुकूल होने से बुधवार को इसका खासा प्रभाव बस्तर के अधिकांश जिलों में देखा गया। मानसून के प्रभाव से अंचल में बारिश के चलते किसानों के चेहरों में मुस्कान दिखी और खेतों में उतर खुर्रा बोनी और रोपा में जुट गए है। धान के साथ किसान अनाज, दलहन, तिलहन फसल लेने इन दिनों खेतों में पसीना बहा रहे है।

- धान के साथ अनाज, दलहन और तिलहन फसल के लक्ष्य की पूर्ति में जुटा विभाग



तोकापाल के किसान ठिबुराम और गुड्डू पोयाम ने बताया कि खेतों में खाद के छिड़काव के बाद बोनी में जुटे हैं। ठिबुराम ने बताया उनके खेतों में जहां पानी जमा है, वहां रोपा कर रहे है। टेकामेटा के किसान राकेश रथ ने बताया सिंचाई सुविधा होने से बारिश का इंतजार नही करना पड़ा। पहले से ही खेतों में जुताई कार्य खत्म कर रोपाई कार्य कर रहे हैं। उन्नत कृषक बब्बू कोरटा ने बताया खेत में रोटावेटर के जरिये सिंचाई कर रोपाई कार्य 40 से 50 फीसदी क्षेत्र में हो चुका है। कृषि विभाग का दावा है कि बस्तर जिले में अब तक 36 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में खुर्रा बोनी कार्य पूरा किया जा चुका है। साथ ही 1732 हेक्टेयर में रोपा हुआ है। कोरटा के रामचन्द्र व नवल यादव समेत नलपावंड के किसान धरमदास ने कहा लंबे इंतजार के बाद बारिश होने से राहत मिली है। क्षेत्र में एक दिन में ही इतनी बारिश हुई कि अब एक सप्ताह के बाद तक खेतों में पानी की समस्या नहीं रहेगी।

### पूर्ति पर फोकस

खरीफ सीजन में इस वर्ष जारी कार्यक्रम अनुसार 75250 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान फसल बोनी के लक्ष्य के विरुद्ध 36 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में किया जा चुका है। इसी तरह 40850 हेक्टेयर नर्सरी रोपा लक्ष्य के विरुद्ध 1732 हजार क्षेत्र में पूर्ति किया गया है। लक्ष्य के विरुद्ध तेजी के साथ पूर्ति पर फोकस किया जा रहा है।

**राजीव श्रीवास्तव**, उपसंचालक, कृषि

### किसानों के चेहरे खिले बारिश की ताक में

बस्तर अंचल के अधिकांश हिस्सों में बुधवार को हुई अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए है। जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा नहीं है, उन्हें बारिश के भरोसे किसानी कार्य के लिए निर्भर होना पड़ता है। बुधवार को बस्तर, बकावंड क्षेत्र के अधिकांश ग्रामीण इलाकों में शाम 4 बजे के बाद बारिश शुरू हुई जो रुक-रुक कर रात्रि 10 बजे तक जारी रही। रात्रि 10 बजे के बाद से अर्ध रात्रि 2 बजे तक इलाके में मूसलाधार बारिश हुई।

### मजदूरी कार्य छोड़ खेतों में जुटे किसान

बुधवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद किसानों में उत्साह रहा इसलिए अधिकांश किसान जो बारिश के अभाव में खेती-बाड़ी कार्य छोड़ शहर में मजदूरी कार्य में जुटे रहे। वे वापस गांव का रुख कर खेतों में उतर गए है। शहर में अब मजदूरों की समस्या आ गई है। अनेक लोगों के नए आवास में निर्माण कार्य में लगे मजदूर शहर आना बंद करने से निर्माण कार्य बाधित हो गया है। ठेकेदार और मकान मालिक बारिश में अधूरे निर्माण को लेकर चिंतित हैं।

# प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से भाई-बहन घायल, एक रेफर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र में बुधवार रात क्रियाकर्म से लौट रहे भाई बहन नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गए। नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को निशाना बनाने जगह जगह आईईडी बिछाया गया है जिसकी चपेट में लगातार आम लोगों की मौत व घायल होने की घटना हो रही है।

- बारसूर थाना क्षेत्र के ताड़ेलवाया के करीब की घटना
- क्रियाकर्म से लौटने के दौरान फटा प्रेशर बम, उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती

जानकारी के मुताबिक 39 वर्षीय ग्रामीण जुरूराम कतलामी निवासी ग्राम गुफापारा मंगनार थाना बारसूर आईईडी ब्लास्ट होने से घायल हो गया। उसके पैर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं उसकी बहन सुनीता कतलामी लगभग 25 वर्ष के चेहरे पर भी हल्की चोटें आई है। बुधवार रात दोनों अपनी छोटी मां का कफन दफन कर ग्राम सालेपाल से वापस गांव गुफापारा मंगनार आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम गुफा एवं ताड़ेलवाया सीमा के करीब नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम के चपेट में आ गए। दोनों भाई बहन का बारसूर में प्राथमिक उपचार के बाद दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। मामले में अज्ञात माओवादियों के खिलाफ बारसूर थाना में मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# एक्स कैलिबर राइफल से चली गोली, सीएएफ जवान गंभीर

हरिभूमिः न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के सीएएफ कैंप रामपुरम में संतरी ड्यूटी में तैनात जवान गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। तड़के लगभग तीन बजे एक्स कैलिबर राइफल से गोली चलने की आवाज सुनकर कैंप में हड़कंप मच गया। घायल जवान को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर किया गया, लेकिन खराब मौसम के चलते चौपर को जगदलपुर में ही उतारना पड़ा। जिसके बाद उसे डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि गोली जवान के जबड़े को फाड़ते हुए आंख के पास से बाहर निकल गई थी। सुबह एक गोली चलने के बाद एक के बाद एक छह राउंड और चली। गोली लगने से जवान गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे तत्काल ▸▸ शेष पेज 12 पर

- सीएएफ 15वीं डी कंपनी के जवान की रामपुरम कैंप में थी संतरी ड्यूटी
- मौसम की खराबी के चलते चौपर रायपुर नहीं जा सका मेकाज में किया जा रहा उपचार



# 7.80 लाख की तंबाकू सामाग्री जब्त, महाराष्ट्र भेजने की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपालपटनम

तिमेड़ के एक व्यापारी के पास से 7 लाख से अधिक का अवैध तम्बाखू पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए माल जब्त किया है। सूचना के आधार पर एसडीएम यशवंत नाग, थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े, बीएमओ चलपति राव की संयुक्त टीम ने तिमेड़ व्यापारी के पास से 7 लाख 80 हजार रुपए का तम्बाखू जर्दा सामान जब्त कर मामला बनाया है। थाना प्रभारी जीवन जांगड़े ने बताया कि संबंधित ▸▸ शेष पेज 12 पर

- तम्बाकू पदार्थ पर कानूनी कार्रवाई, माल जब्त
- एसडीएम, थाना प्रभारी ने पंचनामा कर तम्बाकू गुटका किया जब्त



### महाराष्ट्र में दोगुनी कीमत मिलती है

आपको बता दें कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में शराब, गुटखा, सिगरेट व अन्य नशीली चीजें प्रतिबन्ध है। बार्डर का इलाका होने की वजह से नशीले पदार्थों की सप्लाई की जाती है। इसमें महाराष्ट्र का एक गिरोह सक्रिय है। रोजाना लाखों का माल रात में पार किया जाता है। महाराष्ट्र में इसकी दोगुनी कीमत मिलती है, यह अवैध कारोबार कई दिनों से चल रहा है, इसमें मोटी रकम का मुनाफा है। इस कार्रवाई के बाद अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# सीताराम को सात वर्षों बाद मिली पुनरीक्षित पेंशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



सेवानिवृत्ति के दिन ही सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारी को पेंशन प्राधिकार पत्र दिया जाना चाहिए, किंतु कतिपय विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण जमीनी स्तर पर ऐसा हो नहीं पा रहा है। जिसकी बानगी सीताराम ठाकुर के पेंशन प्रकरण में बखूबी देखी जा सकती है। अधिकारी अपने रवैया में सुधार करे अन्यथा पेंशनर्स महासंघ धरना आंदोलन जैसे कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री राम नारायण ताटी ने जारी बयान में कहा कि सीताराम ठाकुर तहसील कार्यालय में भृत्य पद पर कार्य करते हुए 2017 में सेवानिवृत्त हुए। वैसे तो सातवें वेतनमान की घोषणा 2016 में हुई, किंतु क्रियान्वयन 2018 से होने के कारण उनको छठवें वेतनमान के हिसाब से ही सेवा निवृत्ति के बाद मिलने वाले स्वत्वों का भुगतान किया गया। जब सभी को सातवें वेतनमान का लाभ मिलने लगा तो सीताराम ठाकुर ने भी सातवें वेतनमान के हिसाब से पेंशन पुनरीक्षित करने का आवेदन तहसील कार्यालय में प्रस्तुत किया। किन्तु किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया कई बार तहसील कार्यालय का चक्कर काटने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। तहसील के बाबू यह कहकर बात टालते रहे कि आपकी सेवा पुस्तिका को रायपुर भेजा गया है वहां से आने पर आपका काम होगा। भृत्य पद से सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारी की सेवा पुस्तिका रायपुर भेजने का कोई नियम ही नहीं है कायदे से पुनरीक्षित पेंशन प्रकरण तैयार किया जाकर संयुक्त संचालक कोष लेखा कार्यालय जगदलपुर को प्रेषित किया जाना चाहिए। मामला पेंशनर्स महासंघ के संज्ञान में आने पर संगठन ने तहसील कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए हल्ला बोलने की चेतावनी दी गई। प्रशासन ▸▸ शेष पेज 12 पर

- पेंशनर्स महासंघ का प्रयास रंग लाया

## दो दर्जन ग्रामों के उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही बेहतर बिजली सेवा

# दो विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर भागा ठेकेदार, ईडी ने दिया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिले के सरगीपाल एवं चोंडीमेटा के उपकेन्द्र निर्माण कार्य के ठेकेदार एक वर्ष से बिना कारण के कार्य अधूरा छोड़कर भाग गए। इस पर विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के ईडी ने ठेकेदारों पर कारण बताओ नोटिस देकर कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि ठेकेदारों की मनमानी से उपकेन्द्र बनने से क्षेत्र के दो दर्जन ग्रामों के उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा नहीं मिल पा रही है। संभाग के सातों जिलों में निर्माणाधीन उपकेन्द्र पूर्ण करने का समय जून वर्ष 2023 था, पर एक साल होने के बाद भी दोनों उपकेन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका। इसके अलावा बस्तर संभाग के सुकमा जिले के ग्राम बंडा में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा देने के उद्देश्य से उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू किया। इसके लिए ठेकेदार ने बोर भी खुदवाया और उपकेन्द्र के लिए जमीन को समतल करने के लिए उसके कर्मचारी पहुंचे। नक्सलियों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट किया। उसके बाद से यहां उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया।

- दो अलग- अलग ठेकेदार कर रहे थे काम
- नक्सलियों ने ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ की थी मारपीट



### ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि दोनों ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस के बाद कार्रवाई की जाएगी। इसकी जानकारी कंपनी के मुख्यालय को दी गई है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर बड़गई में आज

**कोण्डागांव।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन फरसगांव विकासखंड में ग्राम बड़गई में 28 जून को आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी जिला स्तरीय आधिकारियों को इस जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में अनिवार्य तौर पर उपस्थित रहने कहा। उन्होंने अधिकारियों से ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### केशकाल से विश्रामपुरी सड़क की जल्द कराई जाए मरम्मत



**केशकाल।** किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कोंडागांव खिलेश्वर शोरी ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केशकाल को सड़क मरम्मत को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि केशकाल नगर पंचायत क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क की हालत व केशकाल से विश्रामपुरी रोड सिदावण्ड तक जर्जर सड़क के कारण दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है। केशकाल नगर में इस रोड से ग्रामीण अंचल के बच्चे साइकिल से पढ़ाई करने नगर केशकाल में आते हैं। बरसात का मौसम चल रहा है, जहां रोड में गढ्ढे है, वहां अत्यधिक पानी भरा है। बच्चों को स्कूल आने जाने में अब काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अगर यह समस्या का जल्द से जल्द निराकरण नहीं किया गया तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान सगीर अहमद कुरेशी प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी,यासीन मेमन पार्षद वसीम मेमन इमरान कोसा जुनेद मेमन हासम आदि उपस्थित रहे।

### विधायक व कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण



**कोण्डागांव।** स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी तथा कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। मरीजों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में प्रतिक्रिया ली। इसके साथ ही यहां पदस्थ चिकित्सकों के साथ जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने यहां निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर हब ब्लॉक का भी निरीक्षण किया और उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। विधायक ने जिला अस्पताल के मरम्मत के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए सीजीएमएससी के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया। इस दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने जिला अस्पताल में सेवाओं के विस्तारवके साथ ही सामुदायिक शौचालय, मरीजों के परिजनों के ठहरने के लिए स्थान के साथ ही रसोईघर के नवीनीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में भी जानकारी दी। ये रहे उपस्थित- इस अवसर पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आरसी ठाकुर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चारामा और नाकापारा में गणवेश एवं पुस्तकें बांटी

**चारामा।** प्राथमिक माध्यमिक शाला जनपद चारामा व अंग्रेजी माध्यम माशा नाकापारा में सत्र 2024-25 का शाला प्रवेश उत्सव नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुँह मीठा कराकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों को स्कूल गणवेश व पुस्तकों का वितरण तीनो स्कूलों के शाला प्रबंधन समिति व सदस्यों की उपस्थिति में मनाया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक उत्तम बघेल के द्वारा सभी बच्चों को नए स्कूल सत्र कि शुभकामनाएं देते हुए नियमित रूप से स्कूल आने व शिक्षा ग्रहण करना हमारे जीवन के लिए कितना महत्व रखता है, इस पर प्रकाश डाला गया।

## शाला प्रवेशोत्सव: विद्यार्थियों को नेवता भोज में पूरक पोषण आहार परोसा

# नवप्रवेशी बच्चों का किया चंदन अबीर लगाकर स्वागत

# निःशुल्क पुस्तकें व गणवेश पाकर खिले बच्चों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- मेघावी बच्चों का प्रशस्ति पत्र से किया सम्मान'
- शिक्षिका मधु की मेहनत रंग लायी प्रवेशोत्सव में दिखी सामुदायिक सहभागिता की झलक



जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रीष्मावकाश में शिक्षिका मधु की मेहनत रंग लाई शाला। प्रवेशोत्सव में समुदाय की सहभागिता की झलक दिखी। बड़ी संख्या में बच्चे, पालक माता पिता ग्रामवासी उपस्थित हुए। समुदाय को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से आमंत्रित अतिथि जोन्दरा पदर की वरिष्ठ नागरिक निनी देवांगन ,जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक चंदन अबीर लगा कर स्वागत किया। अभिनन्दन के साथ सभी नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश पाठ्य पुस्तक ,पाठ्य सामग्री का वितरण किया। साथ ही स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपने उदबोधन के दौरान निनी देवांगन भावुक हो कर अपने बच्चों की सफलता की कहानी बताई। उल्लेखनीय है कि मनीष देवांगन ने इसी विद्यालय में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की है। इस अवसर पर शासन की महत्वाकांक्षी योजना नेवता भोज दीपेश अरोरा की ओर से आयोजित किया गया। सभी बच्चों को पूरक पोषण आहार में सेवफल ,केला ,गुलाब जामुन ,खीर पुड़ी छोला की सब्जी परोसी गई। सामुदायिक सहभागिता निभाते हुए मनीष कम्प्यूटर की ओर से सभी बच्चों को निशुल्क कॉपी पेन,शिक्षण सामग्री का वितरण किया। विशिष्ट अतिथि पालक के रूप में राजेश, कल्पना, किशन, स्मिता नेताम सहित नवप्रवेशी बच्चों की माता पालक शाला प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## बच्चों को दी किताबें, न्यौता भोज में कराया भोजन



**केशकाल।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल केशकाल में आज प्रवेश उत्सव और न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में नव प्रवेशित बच्चों को ग्रीटिंग काड्र्स ,पुस्तक वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की गई। विद्यालय के प्राचार्य मनोज डडसेना ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष केशकाल रोशन जमीर खान ,नेता प्रतिपक्ष नवदीप सोनी ,जनपद सदस्य वीरेंद्र बघेल और पार्षद पंकज नाग ,भूपेंद्र सिन्हा,अनिल उसेंडी,धनराज मालू,भूपेश चंद्राकर , असफाक कुरैशी, रफीक खतरी, रसीद अली एवं पालकगण सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर किया गया।

इसके बाद नए प्रवेशित छोटे बच्चो को तिलक लगा कर फूलों की वर्षा व बैंड बाजा के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम के बाद न्यौता भोज में विद्यार्थियों व समस्त पालक गण को खीर, पुड़ी,मिठाई व फलों का वितरण किया गया। बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं सालेहा पारेख, नाजीश फातिमा, साक्षी चौरडिया,व रिया नेताम को अतिथियो के द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान अध्यापिका गरिमा मसीह,मंजू यादव, भारती शांडिल्य,अक्षिता पाठक,मीनू कुमारी,पूजा यादव,सोनम शांडिल्य , भाविका सिन्हा का योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन ऐश्वर्या पाणिग्रही व ऐश्वर्या पाठक द्वारा किया गया।

## नवीन ग्राम पंचायत बडवर का विधायक ने किया शुभारंभ



**धनोरा।** केश्काल विधायक नीलकण्ठ टेकाम धनौरा क्षेत्र के बडवर में कार्यक्रम में शामिल हुए। केशकाल विधायक बनने व लोकसभा चुनाव के बाद से अपना निवास स्थान केशकाल में जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न होने के बाद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज कर गांव की समस्याओं को हल कर रहे हैं। विधायक श्री टेकाम ने धनोरा क्षेत्र की नवीन ग्राम पंचायत बडवर का उद्घाटन किया। ग्राम पंचायत बडवर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीलकंठ टेकाम व अध्यक्षता धारणी प्रधान सरपंच विशिष्ट अतिथि महेश्वरी कोर्राम जिला पंचायत सदस्य श्रवण दीपक रमेश यादव धरम सिह राणा राम यदू बिरेन्द्र बघेल अजय मिश्रा रमेश रामलाल सलाम अखिलेश संतोष बरनवाल, समस्त वाई पंचगढ़ व बड़ी संख्या ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत बावर में महीन ग्रामपंचायत का लोकार्पण व सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन कर पानी टैंकर प्रदाय किया गया। सीसी रोड का उद्घाटन भी किया।

## ब्लॉक कॉलोनी शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव



**कोण्डागांव।** ब्लॉक कॉलोनी शासकीय प्राथमिक शाला एवं उच्च प्राथमिक शाला इंग्लिश मीडियम स्कूल में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धंसराज टंडन एवं उच्च प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरेंद्र देवांगन व समिति के सदस्यों, पालकों व प्रधान अध्यापिका, शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पहली कक्षा के छात्र छात्राएं एवं छठवीं कक्षा के छात्र–छात्राएं को शाला प्रवेश कराया गया। उसके पश्चात उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला एवं उच्च प्राथमिक शाला के शिक्षकों द्वारा शाला प्रवेश उत्सव के उपस्थित अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर प्रधान अध्यापिका किरण देवांगन ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि शिक्षक बच्चों के प्रति समर्पण भाव से शिक्षा देता है। साथ ही आप सभी पालकों की भी जिम्मेदारी है कि आप अपने बच्चों का पढ़ाई का मूल्यांकन करना चाहिए तभी बच्चे अच्छे अंको से उत्तीर्ण होंगे। इसी के साथ शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धंसराज टंडन ने प्रवेश उत्सव के अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाडेगा, शिक्षा से ही आगे का भविष्य तय होता है इसीलिए शिक्षा बहुत जरूरी है। बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ अनुशासन भी सीखना बहुत जरूरी है। इसी के साथ कक्षा पहली एवं छठवीं के छात्र–छात्रओं को पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया तथा छत्तीसगढ शासन के आदेश अनुसार नेवता भोज का भी आयोजन किया गया। श्रीमती किरण देवांगन प्रधान अध्यापिका उच्च प्राथमिक शाला एवं श्रीमती चंद्र लता धनेलिया प्रधान अध्यापिका प्राथमिक शाला के द्वारा नेवता भोज कराया गया। जिसमें उपस्थित सभी अतिथियों एवं सदस्यों व शिक्षिका ,शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा नेवता भोज ग्रहण किया गया। इस अवसर पर हरेंद्र देवांगन अध्यक्ष उच्च प्राथमिक शाला, श्रीमती हेमा देवांगन, प्रीति भदोरिया सुनीता टंडन, जानकी देवांगन ,अंकित वर्मा, श्रीमती बसंती देवांगन, प्रभंजन मिश्रा, राहुल शर्मा, श्रीमती पूजा शुक्ला, मलखम नेताम, एवं शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं पालकगण उपस्थित रहे।



## सोनाबाल संकुल में नेवता भोज करा कर मनाया प्रवेश उत्सव

**कोण्डागांव।** कोंडागांव के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला सोनाबाल में 26 जून बुधवार को संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर नवप्रवेशी बच्चों को निशुल्क पुस्तक तथा गणवेश वितरण किया गया। प्रवेश उत्सव के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार नेवता भोज भी किया गया जिसमें छात्र छात्राएं, शिक्षकगण सहित पालकगण ने नेवता भोज किया। इस अवसर पर विद्यार्थी, पालक व ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। अपने उदबोधन में सभी वक्ताओं ने छात्रों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित कर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि जीवन में शिक्षा का स्थान सबसे उपर है। शिक्षा जीवन में एक नया उजाला लेकर आती है। आयोजन में मुख्य रूप से संकुल प्राचार्य यजेन्द्र मांझी, संकुल समन्वयक हेमदत्तेश्वर पटेल, पुरुषोत्तम दीक्षित, सुरेश चंद्रवंशी, धनराज धनेशकर, ईश्वरी कौमार्य, पूनम ठाकुर, श्वेता साहू, लक्ष्मी मिर्झा, रेणुका नाग, एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनेश्वर ठाकुर तथा पालकगण समस्त स्थानीय जनप्रतिनिधि महिला स्वसहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, सवार युवक की मौत



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 लंजोड़ा स्कूल पुल के पास बुधवार की रात अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई है।

मिली जानकारी अनुसार कोसागाँव निवासी 24 वर्षीय तुलाराम नेताम पिता लक्ष्मण नेताम अपने चचेरे भाई के साथ शादी समारोह में शामिल होने अलीबेड़ा गया हुआ था। वही देर रात घर वापस आते वक्त लंजोड़ा स्कूल पुल के पास फरसगांव की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तुलाराम नेताम की मौत हो गई है। वही बाइक चालक चचेरा भाई इस हादसे में घायल हो गया है। फिलहाल सिटी कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया है। वहीं सिटी कोतवाली पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

### ट्रक- कार में भिड़त वकील घायल



**फरसगांव।** नेशनल हाइवे 30 बोरगांव के पास गुरुवार की शाम लगभग 5:30 बजे ट्रक और कार की जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार जगदलपुर निवासी असफाक अली पिता स्व1 अजगर अली घायल हो गये। जिन्हें उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस वाहन फरसगांव अस्प्ताल में लाया गया है। जानकारी अनुसार जगदलपुर निवासी असफाक अली पिता स्व अजगर अली पेशे से वकील हैं। बुधवार को अपनी कार क्रमांक सीजी 17 केएन 3372 में सवार होकर केशकाल कोर्ट में काम से आए हुए थे। केशकाल कोर्ट से वापस जगदलपुर जाने के दौरान नेशनल हाइवे 30 बोरगांव के पास शाम लगभग 5:30 बजे सामने से आ रही ट्रक से टक्कर हो गई । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## कोण्डागांव व माकड़ी ब्लॉक को टीबी मुक्त करने बैठक

**कोण्डागांव।** ब्लॉक स्तरीय टीबी फोरम की बैठक कोंडागाँव विकासखंड में 25 जून एवं माकड़ी विकासखंड में 26 जून को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में एसडीएम मैडम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, टीबी मितान, मितानिन कोऑर्डिनेटर के साथ बीपीएम व जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी, पिरामल फाउंडेशन संस्था से शशि बर्मन, जिला समन्वयक कांतेश देवांगन भी उपस्थित रहे। इस दौरान शशि बर्मन और कांतेश देवांगन ने बताया कि टीबी का सतत ब्लॉक स्तरीय जांच और इलाज किया जाना है। उन्होंने बताया कि टीबी के संभावित मरीजों के इलाज के लिए शत प्रतिशत जांच करवाना आवश्यक है ताकि जांच के दौरान कोई मरीज टीबी पॉजिटिव पाया जाता है तो उसका इलाज शीघ्रता से किया जा सके। ब्लॉक के सभी पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियों का सहयोग जांच में करने के लिए योजना बनाई जाए ताकि पंचायत से कोई टीबी का मरीज न छूट पाए और टीबी मरीज का यूडीएसटी जांच करवाना है। टीबी के मरीजों के लिए निश्चय मित्र बनाना है, ताकि उन्हें समुचित पोषण आहार मिल सके। बैठक में खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें टीबी मरीजों के लिए अपने स्तर से प्रयास करना है। कोंडागाँव ब्लाक में 137 और माकड़ी में 36 टीबी मरीज पॉजिटिव हैं। ब्लॉक के सभी पंचायतों को 2024 को सभी विभागों का समन्वय कर टीबी मुक्त बनाने की योजना है।

## देर रात डिवाइडर में चढ़ी तेज रफ्तार बस, कई यात्रियों को आई चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित आमागुड़ा हाईवे में देर रात तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर में चढ़ गई। हादसे के दौरान बस में 30 से अधिक यात्री सवार थे। हालाकिं यात्रियों को मामूली चोट आई है लेकिन बस के चालक को गंभीर चोट आने की बात कही जा रही है।

जानकारी के मुताबिक रायपुर हाईवे में हुए बस हादसे में बस में सवार 30 से अधिक यात्रियों की जान बाल-बाल बच गई। इनमें कुछ को मामूली चोट आई है। रायपुर से जगदलपुर आ रही महिंद्रा ट्रेवलर्स की तेज रफ्तार बस आमागुड़ा के पास डिवाइडर में जा घुसी। इस हादसे में बस चालक को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा गुरुवार सुबह करीब तीन बजे के करीब हुआ। जगदलपुर पहुंचने से पूर्व बस के चालक को नींद की झपकी आने से वह वाहन पर नियंत्रित नहीं रख सका और वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर में चढ़ गई। हादसे के दौरान बस का हेल्पर पीछे सो रहा था, वहीं चालक के चेहरे में कांच का टुकड़ा घुस गया जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद अधिकांश यात्री सो रहे थे अचानक हुए हादसे के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। कुछ यात्रियों को हल्की-फुल्की चोटें आईं लेकिन बड़ी जनहानि होने से टल गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया।

## विभागीय योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दिए जाने पर जोर

# लखपति दीदी पहल योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



लखपति दीदी ''पहल'' अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अविनाश भोई की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला महिलाओं को समृद्ध बनाने के लिए संचालित लखपति दीदी योजना के तहत विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के संबंध में मंथन किया गया।

कार्यशाला में वन विभाग, कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुधन विकास विभाग, व्यापार एवं उद्योग विभाग, उद्यानिकी विभाग, रेशम विभाग, मत्स्य विभाग, आदिवासी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, हस्तशिल्प कला विकास बोर्ड, रोजगार विभाग, श्रम विभाग, लाईवलीहुड कॉलेज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पीएमयू, डीएमएफटी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़ेराजपुर, केशकाल, कोण्ड़ागांव, माकड़ी, फरसगांव, जिला पंचायत के योजना प्रमुख, प्रदान संस्था, ट्रांसफार्मिंग रुरल इंडिया फाउंडेशन संस्था एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित जिला और विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी व कृषि और पशु सखी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष


**एक्स कैलिबर राइफल...**
साथी जवानों ने की मदद से जिला अस्पताल बीजापुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। इस दौरान जवान मनोज दिनकर (35) की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया था। भोपालपटनम थाना क्षेत्र के रामपुरम कैंप में तैनात 15वीं बटालियन के डी कंपनी में तैनात जवान को एक्स कैलिबर रायफल से गोली दुर्घटनावश लगी या उसने स्वयं को गोली मारी, यह जांच का विषय है।
**रामपुरम कैंप में हड़कम्प, घायल - जवान का मेकाज में उपचार जारी**
घायल जवान को सुबह चौपर से रायपुर ले जाया जा रहा था, लेकिन खराब मौसम के चलते चौपर को जगदलपुर में लैंड करना पड़ा। इसके बाद उसे तत्काल डिमरापाल मेडिकल कॉजेज में भर्ती कराया गया। मेकाज में जवान के जबड़े में टांका लगाने के बाद स्टेबल करने के लिए वार्ड में भर्ती कर दिया गया है। इधर तड़के गोली की आवाज सुनने के बाद रामपुरम कैंप में हड़कम्प मच गया। साथी जवानों के मुताबिक घायल जवान मनोज दिनकर की सुबह मोर्चा में ड्यूटी लगाई गई थी। जवान ने अपनी सुरक्षा के तौर पर एक्स कैलिबर हथियार को लेकर तैनात था। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई। जवान की हालत स्थिर होने के बाद उसे रायपुर ले जाने की बात कही जा रही है। फिलहाल घायल की हालत को देखते हुए डॉक्टरों की टीम लगातार देख रही है।

**7.80 लाख ...**
के खिलाफ धारा कोटपा एक्ट के तहत 46,21 एक पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी को जमानत पर छोड़ दिया गया। रविवार देर शाम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला बनाया था। दूसरे दिन एसडीएम यशवंत कुमार नाग के संज्ञान में आने के बाद तत्काल टीम गठित कर तिमेड़ पहुंचे। संबंधित के पास रखे तम्बाखू पदार्थ को जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया। जिसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

**सीताराम को सात...**
हरकत में आया और पूरे सात वर्षों के बाद सीताराम ठाकुर का पेंशन पुनरीक्षित आदेश जारी किया गया। सिताराम ने डी रामन्ना राव, किशोर कुमार जाधव, रमापति दुबे, अब्दुल सत्तार खान, दिनेश कुमार सिंघल, एलएस नाग, के. नागेश, मीता मुखर्जी, सरोज साहू, जयमनी ठाकुर, हर्षा सिंह एवं राधा पामभोई व अध्यक्ष का आभार माना।

**गीदम में झमाझम...**
सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक वायुमण्डल में एक चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिम मध्य से सटे बंगाल की खाड़ी के ऊपर समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर स्थित है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम दिशा में झुका हुआ है। एक अन्य सिस्टम में एक द्रोणिका मध्य गुजरात के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से लेकर पूर्वी मध्य प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश होते हुए पश्चिम बिहार तथा औसत समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर स्थित है। तीसरा सिस्टम औसत समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर 17 अंश उत्तर के साथ लगभग एक कतरनी क्षेत्र बना हुआ है। जो ऊंचाई के साथ दक्षिण दिशा में झुका हुआ है। इन सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के संकेत है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक बस्तर को यलो अलर्ट घोषित किया है। इसका मतलब बस्तर संभाग के जिलों में कही-कही भारी से भारी बारिश होने की चेतावनी जारी किया है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव आज

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 28 जून को 11 बजे मुख्य अतिथि चैतराम अटामी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दंतेवाड़ा में शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया जायेगा।

### नशीले पदार्थों को त्याग करने की ली शपथ



**बीजापुर।** भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली की नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत बीजापुर सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार, प्रभारी उपसंचालक समाज कल्याण हरप्रसाद खांडे की उपस्थिति में सभी अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा मादक द्रव्यों एवं पदार्थों का सेवन छोड़ने तथा समाज में लोगों को नशीले पदार्थों का त्याग करने हेतु प्रेरित करने संबंधी शपथ लिया गया।

### सूखे व गीले कचरे को संग्रहण करने दी जानकारी



**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत सभा में ग्राम पंचायत स्व सहायता समूह की दीदियों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत प्लास्टिक कचरा के पृथक्करण के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट से प्रोजेक्ट हेड विजय बहादुर सिंह के द्वारा सूखे कचरे को पृथक्क करके 12 से 15 तरह के अलग-अलग प्लास्टिक कांच आदि मटेरियल को स्वसहायता समूह की महिलाओं को बताते हुए व प्रत्येक प्रकार के कचरे के मूल्य एवं रेट के बारे में सभी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत चितालुर में दीदियों को कचरे को पृथक्करण कार्य एवं किस तरह से रजिस्टर बनाना है, इन सभी विषयों में प्रशिक्षण दिया गया।

### छात्रों ने डीएम इंटर्नशिप के तहत जिले का किया भ्रमण



**दंतेवाड़ा।** 15 दिवसीय डीएम इंटर्नशिप (5 से 21 जून)के तहत गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने जिले का भ्रमण किया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के तत्वाधान में आयोजित इस भ्रमण कार्यक्रम में छात्र प्रियंका घनेन्द्र, निक्की ध्रुव, सत्यनारायण साहू, संदीप प्रभूवा व राजीव कुमार ने जनपद पंचायत सीईओ क्रांति ध्रुव के मार्गदर्शन में पंचायती राज व्यवस्था व जनपद पंचायत के कार्यों को जाना व सीखा तथा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने यहां के अद्भूत संस्कृति व परंपरा को जानने के साथ-साथ तथा मन को मुग्ध कर देने वाली प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण पर्यटन स्थल सातधार, झारालावा एवं ढोलकल देखने का भी आनंद लिया। छात्र-छात्राओं का मानना था कि अन्य जिलों के नागरिक भी यहां आकर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठायें। इस भ्रमण कार्यक्रम में उप संचालक मिथिलेश किसान, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक धर्मेंद्र ठाकुर, सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत रूपेंद्र ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

संकुल केंद्र एजुकेशन सिटी सुकमा के अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक शाला कुमाररास में शाला प्रवेश उत्सव

# अनुशासन व लगन के साथ करें शिक्षा ग्रहण : पेद्दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला कुम्हाररास सुकमा, संकुल केंद्र एजुकेशन सिटी सुकमा में बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता दिलीप पेद्दी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुसुम शर्मा प्रधान अध्यापक, शीला सिंह प्रधान पाठक ने किया । मुख्य अतिथि दिलीप पेद्दी ने इस कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया। तत्पश्चात नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर निःशुल्क गणवेश व पुस्तक वितरण मुख्य अतिथि व एसएमसी सदस्यों के हाथों से करवाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पेद्दी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित समस्त बच्चों को अच्छे से पढ़ने, अपना व अपने माता-पिता के साथ पूरे जिले व राज्य का नाम रौशन करने के लिए अनुशासन व लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। साथ ही प्रेरणास्त्रोत शब्दों से बच्चों को स्कूल प्रतिदिन आने की समझाईश दिया व पालकों को भी शिक्षा के महत्व को समझाते हुए अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए समझाईश दिया। साथ ही राज्य व केंद्र सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने जिस नीति से कार्य कर रही है, उसकी प्रशंसा करते हुए उपस्थित बच्चों व पालकों को अधिक से अधिक लाभ लेते हुए बच्चों को शिक्षा का लाभ लेने प्रेरित किए। विद्यालय में कुछ कमी होने पर जिला कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी के अलावा राज्य सरकार को अवगत करा कर समस्या का समाधान करवाने की बात कही।

शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मनोज मण्डल, समर पाइक, अंजना पोया संकुल प्रभारी, लोकेन्द्र नायक संकुल शैक्षणिक समन्वयक, एसएमसी सदस्य गण, पालकगण शिक्षक-शिक्षिकाएं व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

---

हाईस्कूल आंवराभाटा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

# माथे पर तिलक, गले में माला व मुंह में मिठाई ऐसे हुआ नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के तहत बुधवार को शासकीय हाईस्कूल आंवराभाटा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्या सुनीता गोस्वामी ने सर्व प्रथम सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर नव प्रवेशी बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर फूलों की माला पहनाया और उनका मुंह मीठा कराया।

इस दौरान मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता भास्कर, उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम पटेल त्रिनाथ ठाकुर, पार्षद लता मरकाम सहित पालकगण उपस्थित रहे। प्रवेश उत्सव को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष सुनीता भास्कर ने कहा कि बच्चे अच्छी पढ़ाई करें, आगे बढ़े तथा शासन की योजनाओं का लाभ ले। प्राचार्या सुनीता गोस्वामी ने नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत के बाद अपने संबोधन में कहा कि बच्चे सतत स्कूल आए, पढ़ाई नियमित करें तथा अपने विद्यालय का नाम रोशन करें।

### टॉप टेन बच्चों को मिला पुरस्कार

शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर मंच पर आसीन जनप्रतिनिधियों के समक्ष विद्यालय परिवार में कक्षा दसवीं में अपने ही विद्यालय के टॉप टेन सूची में स्थान रखने वाले प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात बच्चों को गणवेश, पुस्तक तथा शासन से मिलने वाली निःशुल्क सायकिल वितरण किया गया। विद्यालय परिवार में न्यौता भोज का आयोजन भी शाला प्रवेश उत्सव के दौरान किया गया। मंच संचालन ज्योति मंडावी एवं लिली मंजू टोप्पो ने किया। उक्त समारोह में शिक्षकगण किरण एक्का, कमल कर्मकार, कीर्ति साहू, बीएन कुरैशी, आरसी नागेश, अर्चना श्रीवास्तव, गौतम गावड़े, फुलेश सोरी समेत बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

सुदूर ग्राम छिंदनार की ग्राम सभा में शामिल हुए कलेक्टर

# इमली के पेड़ तले लगाई चौपाल कहा प्रशासन सुदूर ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज गीदम ब्लॉक के सुदूर ग्राम छिंदनार में आयोजित ग्राम सभा में शिरकत

- बच्चों के खेल मैदान को दी गई मंजूरी, ग्राम में बाड़ी फेंसिंग एवं बोर खनन के लिए भी योजना बनाने के दिए गए निर्देश



किया। इस दौरान ग्रामीणों से भूमि पर बैठकर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पालक अपने बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजें। बच्चों को शाला भेजने में पालकों की भी सहभागिता होनी चाहिए। शालाओं में अब बदलाव लाया जा रहा है और बच्चों की पढ़ाई स्तर को सुधारने के लिए समय-समय पर अब आकलन किया जाएगा। मौके पर उपस्थित शिक्षकों से उन्होंने विनोबा ऐप डाउनलोड करने के बारे में भी पूछा और इसकी उपयोगिता समझाई।

उन्होंने पालकों से यह भी कहा कि बच्चों के स्कूल जाने के क्रम को ना तोड़े, इससे बच्चों की मानसिकता में गलत प्रभाव होता है। इसके साथ उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पपीता, मुनगा और कटहल के पेड़ लगाने के लिए भी कहा। ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि नया करने के इच्छुक ग्रामीणों के लिए कृषि क्षेत्र में तारबाड़ी और बोरखनन के लिए प्रशासन पूरा खर्च वहन करेगा। इसके साथ उन्होंने युवाओं के लिए ड्राइविंग सिखाने तथा सोलर पैनल रिपेयर सीखने के लिए भी कहा, ताकि उन्हें गांव के अंदर ही स्वरोजगार उपलब्ध कराया जा सके। अंत में उन्होंने ग्राम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस ग्राम सभा में जो भी चर्चा होती है, उसकी कार्य योजना के बारे में प्रशासन को जरूर अवगत कराए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम मुचनार में ही नए राहत शिविर केंद्र को भी देखा और ग्रामीणों से कहा कि इस राहत शिविर केंद्र में स्थानीय ग्रामीणों के रुकने की निःशुल्क व्यवस्था तथा यहां आने वाले पर्यटकों के रुकने के लिए सशुल्क व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि भवन की उचित देखरेख हो। इसके अलावा कलेक्टर ने बारसूर पहुंचकर वहां अधूरे और विलंब से बना रहे इनडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य के लिए भी नाराजगी जताई और अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसियों को निर्देश किया कि तय समय सीमा में इस कार्य को पूर्ण करें। इसके साथ ही कलेक्टर चतुर्वेदी यहां नए बने आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल को भी देखा और टीचरों को निर्देश किया कि शाला प्रांगण में बागवानी अवश्य करें। ग्राम कोरकोटि में 5 किलोमीटर सड़क के निर्माण कार्य तथा उन्होंने हिड़पाल और पुरनतरई में निर्माणाधीन पानी टंकी निर्माण कार्य का भी अवलोकन करते हुए इसे समय सीमा में बनाने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने कोरलापाल में एनआरएलएम गतिविधि के तहत सीमेंट ईंट निर्माण एवं जावंगा में रेशम पालन केंद्र का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके पूर्व ग्राम छिंदनार के पंचायत भवन प्रांगण में उनके द्वारा आम के पौधे का रोपण किया गया। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन, एसडीएम अभिषेक तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ गीदम कृपेन्द्र तिवारी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

---

# परपा की हालत दिल्ली जैसे, जल संकट गहराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल मुख्यालय के आवास प्लाट में पिछले महीनों से नल में पानी नहीं आने से हाहाकार मचा हुआ है। महिलाएं जनपद

- परपा आवास प्लाट की दर्जनों महिलाएं खाली बर्तन लिए गांधी चौक में दिया धरना
- विधायक विनायक गोयल के आश्वासन के बाद लौटी महिलाएं

कार्यालय, पीएचई ऑफिस, बिजली ऑफिस जा-जा कर थक गई। जल संकट को लेकर परपा की हालत दिल्ली जैसी हो गई है। महीनों से परेशान महिलाओं का गुस्सा आज फूटा और महिलाएं आज खाली बर्तनों को लेकर जनपद कार्यालय के सामने गांधी चौक में धरना देने पहुंची। हालांकि धरना ज्यादा देर नहीं चला, क्यों कि चित्रकोट विधायक विनायक गोयल स्थल पर पहुंचे और महिलाओं से बात की। महिलाओं ने पेय जल, बिजली व नाली सफाई की समस्या से विधायक को अवगत कराया। विनायक गोयल ने मौजूद जनपद पंचायत सीईओ वीरेंद्र बहादुर को इस समस्या से तत्काल निजात दिलाने को कहा। साथ ही आवास प्लाट के लिए एक बोर खनन का निर्देश दिया। जब तक बोर नहीं खुद जाता, तब तक रोजाना सुबह और शाम पानी का टैंकर लगाने को कहा है। विधायक विनायक गोयल के त्वरित समाधान से महिलाओं ने विधायक का धन्यवाद किया।

---

## हाईस्कूल टाकरागुड़ा में मना प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

शासकीय हाई स्कूल टाकरागुड़ा में वर्ष 2024-25 की शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं शाला परिवार की ओर से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में नव प्रवेशी एवं पूर्व प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री का पालकों व बच्चों के नाम का संदेश वाचन गमेश सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य राजकिशोर तिवारी, वरिष्ठ व्याख्याता मोतीराम कश्यप, मीणा भदोरिया, संध्या साव, सुखजीत देवगुन, भीमेश्वरी देवांगन, रजनी तिवारी, वीना सेवता, हेमंत चापडी, ममता मोहंती, चैन सिंह ठाकुर, तारा बघेल व पालकगण उपस्थित थे।

---

# जीवन की बहुत सी समस्याओं का हल शिक्षा से संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नए सत्र के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय अधिकारियों ने शाला प्रवेत्शोत्सव में भाग लेकर विद्यार्थियों का

- कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने विभिन्न आश्रम, स्कूल, छात्रावासों में पहुंचकर बच्चों का किया उत्साहवर्धन



उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सभी स्कूलों में स्वादिष्ट एवं मीठा भोजन खिलाकर न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया।

कलेक्टर ने अत्यंत सुदूर क्षेत्र गंगालूर के ग्राम पुसनार एवं ग्राम कांवड़गांव, ग्राम मुतवेंडी में पहुंचकर पुनः संचालित स्कूल के नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शिक्षा के मुख्य धारा में जुड़कर मन लगाकर पढ़ाई करने, अच्छी शिक्षा प्राप्त कर घर-परिवार, समाज एवं राष्ट्र का नाम रौशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अज्ञानता के अंधकार को दूर करने शिक्षा के महत्व को बताते कहा कि जीवन की बहुत सी समस्याओं का हल शिक्षा से संभव है। बीजापुर माओवादी प्रभावित जिला है, जहां अन्य जिलों की तुलना में यहां के परिवेश में भिन्नता देखने को मिलती है। माओवादियों के दहशत से यहां के हजारों बच्चे शिक्षा से वंचित हो चुके हैं। शिक्षा के अभाव में माओवादियों द्वारा भोले-भाले आदिवासी ग्रामीणों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। जिले के विकास में उत्कृष्ट शिक्षा का सर्वोपरि योगदान है। कांवड़गांव, मुतवेंडी, डुमरीपालनार जैसे अति सुदूर क्षेत्र के बंद पड़े 23 स्कूलों का आज फिर से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर पाण्डेय ने स्कूल की घंटी बजाकर स्कूल शुभारंभ करते हुए कहा कि यह घंटी सकारात्मक ऊर्जा, नई सोच और उम्मीद के साथ बच्चों की मुस्कान की वजह बनेगी और उनके भविष्य को नई दिशा देगी।

जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए 2005 से बंद पड़े स्कूलों को पुनः खोला गया, वहीं बहुत से ऐसी संवेदनशील जगह जहां कभी स्कूल ही नहीं थे, वहां भी स्कूल खोला जा रहा है। आज शाला प्रवेत्शात्सव को पूरे जिले में उत्साह और उमंग के रूप में मनाया गया। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने नवप्रवेशी बच्चों को शाला गणवेश, पुस्तक सहित आकर्षक उपहार प्रदान कर मुंह मीठा कराकर स्कूल प्रवेश कराया।

इसी तरह जिले के विभिन्न स्कूलों में जिला स्तरीय अधिकारी शाला प्रवेत्शोत्सव में शामिल होकर विद्यार्थियों का उत्सावर्धन किये। गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदान करने के लिए निर्धारित की गई मीनू का पालन सुनिश्चित करने और गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदाय करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्ययोजना बनाई गई। जिसमें सभी बच्चों को पौष्टिक आहार मिले, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित हो सकें।

---


शालेय शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन योजना के लिए जारी नये निर्देशों का किया विरोध

# शासकीय सेवा के समतुल्य पेंशन की गणना की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम

शालेय शिक्षक संघ जिला इकाई ने पुरानी पेंशन योजना लागू होने के फलस्वरूप शिक्षक एलबी संवर्ग के संविलियन पश्चात पुरानी पेंशन योजना का विकल्प लेने पर सेवानिवृत्त या मृत्यु के प्रकरणों में पेंशन व परिवार पेंशन जारी करने एवं प्रान में जमा राशि के समायोजन करने के संबंध में जारी वर्तमान निर्देशों का विरोध किया है।

जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि संविलियन के छह वर्ष उपरांत भी जिला में दिवंगत व सेवानिवृत्त लगभग 40 शिक्षक एलबी संवर्ग के परिजनों को आज पर्यन्त परिवार पेंशन एवं स्वत्वों का भुगतान संयुक्त संचालक कोष लेखा से सेवा सत्यापन के अभाव में नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ ने वित्त विभाग से मार्गदर्शन मांगा था, जिसके जवाब में 24 जून 2024 को निर्देश जारी किये गये है, उसमें बहुत सारी कमिया है। इन नये निर्देशों में शिक्षक एलबी को 1 जुलाई 2018 से शासकीय सेवा में पेंशन योग्य स्थापना में नियुक्त किये जाने से समस्त लाभों की गणना संविलियन दिनांक से किये जाने का निर्णय लेते हुए सेवा की गणना भी, इसी तिथि से किये जाने का निर्देश जारी किया है। इस निर्देश से शिक्षक संवर्ग के 1 जुलाई 2018 से पूर्व की सेवा को शून्य करते हुए पूर्व की सेवा पेंशन और उपादान के समस्त स्वत्व को नकार दिया है। जिससे संविलियन से पूर्व दिवंगत के आश्रित परिवार दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है तथा सेवानिवृत्त के प्रकरणों में छग सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के प्रावधानों के अंतर्गत 20 अर्धवार्षकीय सेवा या 10 वर्ष की सेवा के उपरांत ही पेंशन की पात्रता है। जिससे 1 जुलाई 2018 से सेवा की गणना के नये निर्देशों से 1 अप्रैल 2028 के बाद सेवानिवृत्त शिक्षक संवर्ग ही पुरानी पेंशन योजना के लिए पात्र होंगे। इस नये निर्देश से हजारों शिक्षक एलबी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल पायेगा, जो अप्रैल 2028 से पूर्व सेवानिवृत्त हो रहे है। उन्हें बुढ़ापे में पुरानी पेंशन के लाभ से वंचित किया जाना कदापि उचित नहीं है, जिसकी हम घोर निंदा करते है। संगठन के महामंत्री शैलेश सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल 2012 से हमारी सेवा को पेंशन योग्य मानकर नई पेंशन स्कीम योजना के द्वारा हमारी कटौती की जा रही थी। उसे भी दरकिनार कर शिक्षक एलबी संवर्ग हेतु नये निर्देश में 2018 से एनपीएस की जमा शासकीय अंशदान एवं उस पर अर्जित लाभांश की राशि शासकीय खाते में जमा किये जाने के उपरांत ही पेंशन प्राधिकार पत्र जारी किया जाना, सभी दो लाख शिक्षक एलबी संवर्ग के अधिकारों पर कुठाराघात है। संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षकों द्वारा अपना पूरा जीवन शासन की योजनाओं को अमली जामा पहनाने में लगा दिया गया। किन्तु जब शासन की शिक्षकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की बारी आयी, तो शासन अपने दायित्वों से मुख मोड़ लेना चाहती है।



महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपमाला वेक व नीतू पारधि ने मध्यप्रदेश स्थानीय पाठशाला अध्यापक (शासकीय सेवा में संविलियन) नियम 1963 व 1964 की 1 अक्टूबर 1963 या उसके पश्चात शिक्षा विभाग में संविलियन हुए जनपद पंचायत या स्थानीय निकाय के शिक्षकों को उनकी पूर्व की सेवा को शासकीय सेवा के समतुल्य पेंशन योग्य मानते हुए पेंशन की गणना की गई थी। उसी प्रकार शिक्षक एलबी संवर्ग की पंचायत व स्थानीय निकाय की सेवा को भी शासकीय सेवा के समतुल्य मानते हुए पेंशन की गणना की मांग की है। संगठन के पदाधिकारी कमल कर्मकार, पुरूषोत्तम लाल साहू, दिनेश गभेल, गजलू पोडियाम, अंकित गुप्ता, विनय प्रधान, केशव स्वर्ण, आनंद मुडामी, मधु उइके, पलकेश सोनी, देवेन्द्र धीवर, दीपक शास्त्री, जितेन्द्र चौहान, हीरालाल ओयामी, योगेश सोनी, आशुतोष शिवहरे, नवीन मिश्र, राजीव मिश्रा, मनोज ठाकुर व मूलचन्द्र चंद्राकर ने शासन से निराकरण की मांग की है।

---

# न्यौता भोज में शामिल हुए विधायक गोयल, बच्चों के साथ किया भोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत सालेपाल में ब्लाक स्तरीय शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल पहुंच कर विद्यार्थियों के माथे पर तिलक लगा कर शाला प्रवेश कराए। इस दौरान विधायक गोयल ने बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ खेल के प्रति रुचि दिलाने व गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की बात शिक्षकों से कही। तत्पश्चात विधायक गोयल ने बच्चों के साथ न्यौता भोज का आनंद लिया।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य रैतू राम बघेल, रितेश जोशी, कामदेव बघेल, मिटकू राम, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जनपद पंचायत सीईओ वीरेंद्र बहादुर शिक्षक, पालक तथा विद्यार्थी शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### संघ का प्रांतीय अधिवेशन 30 जून को

**जगदलपुर।** वन जलवायु परिवर्तन विभाग वाहन चालक, कर्मचारी संघ का प्रथम प्रांतीय अधिवेशन 30 जून की दोपहर 12 बजे शहर के वन विद्यालय में वनमंत्री केदार कश्यप के मुख्य अतिथि में एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक किरण देव की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। इसमें आल इंडिया के विभिन्न प्रदेश दिल्ली, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडीसा, आन्ध्रप्रदेश, तेलगांना के भी शासकीय वाहन चालकों के संघों के प्रतिनिधि भी आंमत्रित किए गए हैं। उक्त जानकारी संघ के वरिष्ठ सलाहाकार एम. प्रसाद राव ने दी।

### सिकलसेल पर हुआ कार्ड का वितरण



**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. आर के चतुर्वेदी के दिशा निर्देश एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम के मार्गदर्शन में सिकलसेल पर कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही सेक्टर करपावंड सेक्टर जैबेल के ग्राम सतोषा, मोहलई, चारगांव, मंगनार, बेलपुटी आदि ग्राम पाराओं में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिनेश पराते द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीना लक्ष्मी ठाकुर के निर्देश पर प्रत्येक उप स्वास्थ्य केन्द्रों के ग्राम पाराओं ने हितग्राही जिनका सिकलसेल कार्ड बनकर तैयार है, उन्हे 30 जून तक वितरण किया जाना है। साथ ही स्वास्थ्य मेला आयोजन कर गर्भवती एवं किशोरियों की जांच, उपचार किया जा रहा है।

### सिंधी पंचायत प्रदेश मंत्री बने संजय नत्थानी

**जगदलपुर।** सिंधी पंचायत के विशेष सलाहकार संजय नत्थानी



को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी सहित समाज सदस्यों ने शुभकामनाएं दी। संजय नत्थानी ने छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी सहित सभी वरिष्ठजनों का आभार मानते कहा सिंधी पंचायत के प्रदेश स्तर के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे।

### प्रोत्साहन राशि पर उच्चस्तरीय जांच की मांग



**जगदलपुर।** प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के उप प्रातांध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार ने गुरूवार को आयुक्त को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि महारानी अस्पताल में आयुष्मान के नोडल अधिकारी डॉ. भवरलाल शर्मा को पद से हटाकर प्रोत्साहन राशि के संबंध में शिकायत की, जिसकी उच्च स्तरीय जांच कर संगठन को अवगत कराया जाएं। जिससे आयुष्मान योजना के अन्तर्गत संस्था को प्राप्त होने वाली राशि का निस्वार्थ रूप से अधिकारी, कर्मचारियो को वितरित किया जाएं।

### सीढ़ी के ऊपर गिरा छज्जा का प्लास्टर



**जगदलपुर।** शहर के सनसिटी पुराना हाउसिंग बोर्ड के 4 नंबर ब्लॉक में सीढ़ी के ऊपर छज्जा का प्लास्टर गिरा। गनिमत यह रही कि उस समय वहां कोई नहीं था वरना कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

# माता-पिता व टीचर सही रास्ता दिखाकर आपके जीवन में परिवर्तन लाते हैं : शलभ सिन्हा

## विद्या ज्योति स्कूल में मना रजत जयंती, बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





गीदम रोड स्थित शैक्षणिक संस्था विद्या ज्योति स्कूल की स्थापना आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर में शिक्षा की क्रांति लाने के उद्देश्य से 26 जून 2000 में किया गया था। आज विद्या ज्योति स्कूल में स्थापना दिवस मनाया गया साथ ही इस वर्ष रजत जयंती का वर्ष है इस पूरे वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन व शिक्षा को गति देते हुए मनाया जायेगा। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्या ज्योति स्कूल में अध्ययन छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, वहीं नन्हे बच्चे पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच संचालन कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मैं भी छोटे शहर अंबिकापुर से हूं, मैं भी स्कूल के दिनों में पढ़ाई में कमजोर रहा हूं। मुझे भी परीक्षा में काम नंबर लाने पर माता पिता से डांट पड़ती थी। मैं सभी बच्चों से कहना चाहता हूं कि माता-पिता व टीचरों की डांट का बुरा नहीं मानना चाहिए। क्योंकि वही आपको सही रास्ता दिखाकर आपके जीवन में परिवर्तन लाते हैं। साथ ही आप लोग अभी से अपना लक्ष्य तय कर उस दिशा में मेहनत करें। जरूरी नहीं की हर बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर बने, वह एक अच्छा शिक्षक, कलाकार, पेंटर और खिलाड़ी बन सकता है। आपको वह करना है, जिसमें आपकी रुचि हो। मैं भी पहले इंजीनियरिंग की थी, मगर मेरा मन आईपीएस बनने में था। उन्होंने कहा कि आप सभी रोज एक पुस्तक और एक अखबार जरूर पढ़ें। इसमें हमें विभिन्न क्षेत्रों की संपूर्ण जानकारी मिलती है। इस दौरान जोसेफ कोल्लमपरमपिल बिसप ऑफ कैथोलिक डायोसेस ऑफ जगदलपुर प्रेसिडेंट फादर संतोष कोठेरिल, सीएमआई प्रोविंशियल निर्मल प्रोविंस जगदलपुर के साथ स्कूल के प्रिंसिपल फादर एंथोनी के.वी. समस्त शिक्षक गण तथा बड़ी संख्या में बच्चों के माता पिता उपस्थित थे।

## नवीन हक्कुम मेल बस को जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

# माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में अंदरुनी गांवों के बीच दूरियां हुई कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



जिले में सीमा पर बसे आखिरी गांव के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय में आने एवं आस-पास के ग्रामीणों से संपर्क के लिए सार्वजनिक यातायात के साधनों के अभाव में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुए ग्रामीणों को विशिष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से और क्षेत्र में शांति स्थापना के साथ ही लोगों को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध कराने के प्रयासों के तहत जिले में सार्वजनिक बसों का संचालन प्रारंभ किया गया है। जिला प्रशासन एवं नीति आयोग के सहयोग द्वारा गांव-गांव तक बारहमासी आवागमन को सुगम बनाने के लिए यात्री बसों का परिचालन प्रारम्भ करने का निर्णय लेकर उक्त सुविधाओं को शुरू किया गया।

गुरुवार को नवीन हक्कुम मेल के संचालन हेतु जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर हरिस. एस ने हरी झण्डी दिखाकर नवीन बस को रवाना किया। इन बसों के सुचारू संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा सुकमा जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के माध्यम से संचालित बस रूट तैयार किए गए हैं, जिसमें ऐसे क्षेत्र जो अति संवेदनशील है उन्हें भी शामिल किया गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता, पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, जिला परिवहन अधिकारी शिवभगत रावटे, सीएमओ गोंदे सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### आवाजाही की होगी सुविधा

कलेक्टर हरिस.एस ने कहा कि आज नवीन हक्कुम मेल बस प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि अति संवेदनशील इलाकों के ग्रामीणों को बारहमासी सुगम आवाजाही की सुविधा हेतु बस का संचालन नियमित रुप से कराया जाएगा। बस सेवाओं से गांवों के साथ कनेक्टिविटी बढ़ेगी और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ हमें बेहतर तरीके से सहायता भी प्राप्त होंगे। जिससे हम मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने सहित नागरिक सेवाओं को और बेहतर कर सकेंगे।

### आमजनों को मिलेगी सुविधा

सौरभ कुमार पीपीआईए फेलो ने बताया कि जिले में नए रूट में बस संचालन से निश्चित ही आमजनों को सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन और नीति आयोग की पहल पर 3 हक्कुम मेल बस का संचालन क्रमशः जगरगुण्डा से कोंटा, तोंगपाल से सुकमा और भूसारास से ओलेर तक सफलतापूर्वक संचालन फरवरी माह से किया जा रहा है। जिससे संवेदनशील एवं दूरस्थ ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है।

### बस का रूट चार्ट

हक्कुम मेल बस का संचालन सुबह 7 बजे से किस्टारम से प्रस्थान कर कासाराम, पोटकपल्ली, डब्बामरका, स्लातोंग, एलमागुण्डा, मिनपा चिन्तलनार, बुरापाल, चिन्तागुफा, पोलमपल्ली, दोरनापाल, केरलापाल होते हुए साढ़े 11 बजे तक सुकमा पहुंचेगी एवं उसी रूट से वापसी दोपहर सवा 2 बजे सुकमा से प्रस्थान कर शाम साढ़े 6 बजे तक किस्टारम पहुंचेगी।

## हाटगुड़ा में मनाया शाला प्रवेशोत्सव तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत हाटगुड़ा के सेजस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटगुड़ा (हिन्दी मीडियम) में शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस शाला प्रबंधन, विकास समिति एवं शाला परिवार की ओर से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में नव प्रवेशी एवं पूर्व प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर कर स्वागत किया गया तथा छात्र छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष पदलाम नाग, सांसद प्रतिनिधि चमेली जिराम, विधायक प्रतिनिधि रूपेश समरथ, सुनील नाग, श्याम सेठिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि गोवर्धन, संस्था के प्राचार्य समीर रंजन साहा, व्याख्याता फ्लोरेनसिया खालको, सुबीर घोष, नीता चंदेल, हुस्ना परवीन, नवलकांत झा, गणेशवती नेताम, सारिका यादव, सरिता भदौरिया, रश्मी देवांगन, लक्ष्मी पटेल सहित बड़ी संख्या में पालक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रोत्साहन राशि के बंदरबांट का आरोप निराधार : शर्मा

**जगदलपुर।** शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ. भंवरलाल शर्मा ने गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत करते बताया कि उनके विरूद्ध आरोप लगाया है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का बंदरबांट किया जा रहा है,



जो निराधार है। क्योंकि कर्मचारियों, अधिकारियों को प्रोत्साहन राशि का कार्य पर वितरण ऑन लाईन किया जाता है।साथ ही अज्ञात लोगों ने आईडी चोरी की, जिसकी रिपोर्ट थाना में की जाएगी। इसके अलावा एक व्यक्ति ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करने पर पुलिस में आवेदन पर अब तक उस पर पुलिस ने कार्रवाई की।

## दो पाली में होगी प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा 30 जून को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 30 जून को प्री-बीएड प्रवेश परीक्षा पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12.15 बजे तक एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा अपरान्ह 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक जगदलपुर शहर के 16 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 2 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 3 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1704 शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1705 शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शांति नगर जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1706 शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-2, राजेन्द्र नगर वार्ड गीदम रोड जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1707 स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल धरमपुरा स्पोर्ट्स काम्पलेक्स केम्पस धरमपुरा जगदलपुर,परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1708 स्वामी विवेकानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल अग्रसेन चौक संजय मार्केट रोड जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1709 स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट हिन्दी मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल रेल्वे कालोनी जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1710 धरमु माहरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक धरमपुरा नम्बर 2 जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1711 शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल भगत सिंह सिविल लाईन पथरागुड़ा लालबाग के समीप जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1712 निर्मल हायर सेकण्डरी स्कूल लालबाग जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1713 बाल विहार हायर सेकण्डरी स्कूल बालाजी वार्ड जगदलपुर, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1714 श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय कंगोली सरस्वती शिशु मंदिर परिसर कंगोली जगदलपुर तथा परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1715 विद्या ज्योति हायर सेकण्डरी स्कूल दन्तेश्वरी वार्ड गीदम रोड जगदलपुर में दोनों पालियों में प्रवेश परीक्षा होगी। वहीं परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1716 हम एकेडमी मेन रोड कालीपुर जगदलपुर में केवल दूसरी पाली में प्री-डीएलएड की प्रवेश परीक्षा होगी।

## एक के साथ एक फ्री तर्ज पर कांग्रेस के दो नेताप्रतिपक्ष : आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस ने नगर निगम में दो-दो नेता प्रतिपक्ष बना कर स्वयं यह बता दिया है कि कांग्रेस के अंदरखाने में कितनी खींचतान और लड़ाईयाँ चल रही है। प्रदेश कांग्रेस से भेजे गये दो अनुभवी पर्यवेक्षकों से भी तय नहीं हो पाया कि 23 कांग्रेसी पार्षदों का नेता कौन होगा। गुटबाजी के भंवर में कांग्रेस डूब रही है, जिसमें हर पहला नेता, दूसरे को निपटाने में लगा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं निगम राजस्व विभाग सभापति आलोक अवस्थी ने कहा कि नगर निगम में विपक्षी दल द्वारा बड़ा और छोटा नेता प्रतिपक्ष बनाने की राजनीतिक घटना पहली बार हुई है। कांग्रेस ने एक के साथ एक फ्री तर्ज पर नेताप्रतिपक्ष दिया है।



आलोक अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस सरकार की करतूतों के कारण प्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनाव में उन्हें कान पकड़ कर सत्ता से बाहर कर दिया। लोकसभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन ने झूठी कांग्रेस को सच्चाई का आईना दिखाकर भाजपा को ही चुना। हार की हताशा कांग्रेस के सर चढ़कर बोल रही है और कांग्रेस के नेता खेमे बाजी में बंटकर एकदूजे को निपटाने का खेल खुलकर खेल रहे हैं। दो- दो नेताप्रतिपक्ष बनाना इसका खुला उदाहरण है।

### संगठन में बड़ा पद पाने की होड़

आलोक अवस्थी ने कहा कि सत्ता सुख से दूर होने के बाद अब कांग्रेस के नेताओं में संगठन में बडा. पद पाने की होड़ मची है। जिसके लिये बकायदा बारीक जाल बुना जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस के हस्तक्षेप के बाद भी बतौर विपक्ष कांग्रेस का मौजूदा संगठन नेताप्रतिपक्ष के लिये एक नाम तक नहीं चुन पाया। खुद को मजबूत करने के लिये संगठन को कमजोर करने की गहरी राजनीतिक कोशिशें जारी है। यहाँ यह कहना बिलकुल भी गलत नहीं होगा कि वाकई कांग्रेस का बुरा दौर चल रहा है।

## स्वागत...



**जगदलपुर।** नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल का तोकापाल विकासखंड के शिक्षकों ने बुके देकर स्वागत किया।

## शहर के मुख्य चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए कलेक्टर ने किया विभिन्न समाज, संघ के प्रमुखों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि शहर आपका है, शहर के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण में समुदाय के विचार और सलाह अति महत्वपूर्ण है। शहर के विकास में सभी नागरिकों की सहभागिता होना आवश्यक है। उक्त बातें कलेक्टर ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में नगर निगम द्वारा चौक-चौराहों के विकास हेतु आयोजित बैठक में विभिन्न समाज, व्यापारी संघों से चर्चा के दौरान आज कही। नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य चौक एनएमडीसी चौक, एयरपोर्ट चौक, शहीद पार्क, कोतवाली चौक, अग्रसेन चौक के विकास और सौंदर्यीकरण पर चर्चा कर विकास कार्य हेतु उनको दायित्व लेने के संबंध में भी वार्ता की गई। जिसमें कुछ व्यापारी संघ और समाज ने अलग-अलग चौक के सौंदर्यीकरण की सहमति दी है।

नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों के विकास और सौंदर्यीकरण की प्रेजेंटेशन के माध्यम से विकास कार्यों की डिजाइन और लागत की जानकारी दी। साथ ही शहर के चौक-चौराहों के भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में भी चर्चा किए। कलेक्टर विजय ने समाजों को चौक-चौराहों के मिले दायित्व के तहत साफ-सफाई और समुचित रख-रखाव की व्यापक सहभागिता निभाने का आग्रह किया। साथ ही अन्य समाजों को दायित्व लेने की अपील की। इस अवसर पर विभिन्न समाज के प्रतिनिधि, बस्तर परिवहन संघ, चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, बिल्डर्स संघ, शिल्पी संघ सहित नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

## 6वीं, 9वीं व नव प्रवेशीय विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तके, गणवेश वितरण किया गया

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आड़ावाल में शैक्षणिक सत्र 2024- 25 के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति जनप्रतिनिधि और पालक गण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि टुक मन सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि तपनकुमार राय,



सरपंच जयंती कश्यप, जिला पंचायत सदस्य प्रतिभा देवांगन एवं प्रदीप देवांगन उपस्थित थे। कक्षा 6वीं, 9वीं व नव प्रवेशीय विद्यार्थियों को तिलक, पुष्पवर्षा, निशुल्क पाठ्य पुस्तके, गणवेश वितरण कर स्वागत किया गया। संजय गुप्ता ने छात्रों को अच्छे से अध्यापन करने एवं मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। प्राचार्य ए.एन राव ने परीक्षा परिणाम के बारे में बताया जिसमें कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 92.6 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 88.9 प्रतिशत था। इसके पश्चात जनप्रतिनिधि के साथ छात्र-छात्राओं ने एक साथ न्योता भोज किया जिसमें खीर, पुरी का आयोजन मध्यान भोजन के समूह के द्वारा किया गया। जनप्रतिनिधि एवं छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण भी किया गया। शाला प्रवेश उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्राचार्य सहित शाला प्रवेश उत्सव प्रभारी मनोज महापात्र एवं स्टाफ का सहयोग रहा संचालन रामेश्वर प्रसाद चंद्रा ने किया।

